Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:51 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:00 बजे

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 201 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 2 फरवरी 2026

रणवीर सिंह के एक सीन को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बजट 2026 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला : अजय भट्ट

हल्द्वानी।



नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक दूरदर्शी और कर्तव्यनिष्ठ बजट बताया है। भट्ट ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कर्तव्य भवन की भावना से प्रेरित और कर्तव्य पथ पर चलने के संकल्प को साकार करता यह बजट 2026 सरकार की स्पष्ट, दृढ़ और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई देते हुए इसे सुशासन की निरंतरता का सशक्त प्रमाण बताया।

उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को साकार करने वाला यह बजट वैश्विक अस्थिरता के दौर में भी भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को रेखांकित करता है।

## बजट:2026-27

# विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने पर केंद्रित

नई दिल्ली | एजेंसी




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए विकसित भारत की नींव को और मजबूत करने का रोडमैप साझा किया है। बजट-2026 विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने पर केंद्रित है। इस बार सरकार ने तत्काल नकदी राहत की बजाय बुनियादी ढांचा, औद्योगिक क्षमता, कौशल आधारित रोजगार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर जोर दिया है। सार्वजनिक पूंजीगत खर्च, निर्यात-उन्मुख उद्योग और सेवा क्षेत्र के साथ कर प्रशासन सुधारों को एकसाथ आगे बढ़ाया गया है।

अर्थशास्त्रियों ने इस बजट को लेकर पूरा गणित समझाया कि कैसे इस बजट के माध्यम से बुनियादी ढांचा, निर्यात वाले उद्योगों, सेवा क्षेत्र और कर प्रशासन सुधारों को एकसाथ आगे बढ़ाया गया है।

बजट-2026 विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने पर केंद्रित है। इसमें तत्काल नकदी राहत के बजाय औद्योगिक क्षमता, बुनियादी ढांचा, कौशल आधारित रोजगार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सार्वजनिक पूंजीगत खर्च, निर्यात-उन्मुख उद्योगों, सेवा क्षेत्र और कर प्रशासन सुधारों को एकसाथ आगे बढ़ाया गया है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है, यह बजट मांग बढ़ाने से अधिक आपूर्ति-पक्ष सुधारों पर आधारित है, जिससे मध्यम अवधि में स्थिर विकास का लक्ष्य रखागया है। अमेरिकी टैरिफ, सख्त नियम और वैश्विक संरक्षणवाद के चलते भारतीय कपड़ा निर्यात, खासकर तैयार परिधान और होम टेक्सटाइल्स पर दबाव बढ़ा था। बजट में आधुनिक-पारंपरिक टेक्सटाइल क्लस्टरों के विस्तार, चैलेंज मोड में मेगा टेक्सटाइल पार्क और महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के जरिये इस दबाव से निपटने की रणनीति सामने आई है। सरकार ने इन्फ्रा और तकनीकी उन्नयन के जरिये 200 लीगेसी औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार का प्रस्ताव रखा है। एमएसएमई को चैंपियन के रूप में विकसित करने के लिए 10 हजार करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड और 2,000 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत फंड को जारी रखा गया है। यह बदलाव एमएसएमई को छोटे उद्यम को निर्यात योग्य इकाइयों में बदलने में मदद करेगा। 2026-27 के लिए सार्वजनिक पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है।

इन्फ्रा रिस्क गारंटी फंड, नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, 20 राष्ट्रीय जलमार्ग, तटीय कार्गो प्रोमोशन स्कीम और सीप्लेन कनेक्टिविटी की घोषणा जैसे कदम परिवहन लागत घटाएंगे। इससे उद्योग और उपभोक्ता दोनों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

# बायोगैस और इलेक्ट्रिक वाहनों से तरक्की की चढ़ाई चढ़ेगा उत्तराखंड

देहरादून | हमारे संवाददाता



बायोगैस और इलेक्ट्रिक वाहनों से उत्तराखंड तरक्की की चढ़ाई चढ़ेगा। चारधाम में ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर का रास्ता भी साफ होगा। सरकार ने बजट में सीएनजी में कंप्रेस्ड बायोगैस(सीबीजी) मिक्स करने की योजना का प्रावधान किया है। जो सीबीजी मिक्स होगी, उसे एक्साइज ड्यूटी से अलग रखा गया है।

आम बजट में कार्बन कटौती की पहल से उत्तराखंड को भी सीधे तौर पर लाभ होगा। जहां चारधाम में ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर का रास्ता साफ होगा तो वहीं शहरी क्षेत्रों में चल रही ई-बस संचालन की सेवा और मजबूत होगी। उधर, गोबर और बायोवेस्ट से बनने वाली बायोगैस से ग्रामीणों को सीधे लाभ होगा। उत्तराखंड में वर्तमान में ईवी पॉलिसी 2023 मौजूद है। अभी तक ईवी चार्जिंग का इंफ्रास्ट्रक्चर मुख्यतः देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर जिलों तक ही सीमित है। सार्वजनिक परिवहन डीजल पर ही निर्भर है। बजट 2026-27 से पहाड़ी इलाकों के लिए इलेक्ट्रिक बसें और ई-टैक्सी मॉडल चल सकेंगे। चारधाम यात्रा में ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर का रास्ता साफ होगा। स्थानीय युवाओं के लिए ईवी सर्विसिंग और चार्जिंग नेटवर्क में रोजगार की राह आसान होगी।

सरकार ने बजट में सीएनजी में कंप्रेस्ड बायोगैस(सीबीजी) मिक्स करने की योजना का प्रावधान किया है। जो सीबीजी मिक्स होगी, उसे एक्साइज ड्यूटी से अलग रखा गया है। लिहाजा, उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, ऊधमसिंह नगर (रुद्रपुर, काशीपुर, खटीमा, सितारगंज), नैनीताल (हल्द्वानी, रामनगर) और कोटद्वार जैसे क्षेत्रों में सीएनजी के दाम कम हो जाएंगे।

# केंद्रीय करों में बढ़ी उत्तराखंड की हिस्सेदारी, अब 1841 करोड़ ज्यादा मिलेंगे

देहरादून | हमारे संवाददाता

केंद्रीय बजट 2026-27 आर्थिक रूप से उत्तराखंड के लिए फायदेमंद साबित होगा। 16वें वित्त आयोग की सिफारिश पर केंद्रीय करों में उत्तराखंड की हिस्सेदारी बढ़ी है। इससे राज्य को 1841 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी। हिस्सेदारी में केंद्र सरकार से इस वित्तीय वर्ष में 17,414 करोड़ मिलेंगे।

केंद्र सरकार ने बजट में उत्तराखंड की ओर से प्रस्तुत प्राथमिकताओं व मांगों पर संज्ञान में लेते हुए प्रावधान किए हैं। विशेष रूप से पूंजी निवेश के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता योजना व जल जीवन मिशन योजना के विस्तार से जुड़े निर्णय राज्य में आधारभूत संरचना के विकास को नई गति देंगे। 15 वें वित्त आयोग केंद्रीय करों में उत्तराखंड की हिस्सेदारी 1.118 प्रतिशत थी। इसे 16वें वित्त आयोग में बढ़ाकर 1.141 प्रतिशत किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य को हिस्सेदारी के रूप में 15,573 करोड़ था। जबकि वित्तीय वर्ष में 17,414 करोड़ रुपये मिलेगी। जो इस वर्ष 1841 करोड़ अधिक है। 16 वें वित्त आयोग में क्षैतिज हस्तांतरण में राज्य की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।

# बारिश से लौटी ठंड, पांच जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बर्फबारी के आसार

देहरादून | हमारे संवाददाता

तीन दिन साफ रहे मौसम के बाद रविवार को बादल छाने और हल्की बारिश होने से मैदानी इलाकों में ठंड का अहसास हुआ। हालांकि तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आई।

वहीं, प्रदेश के पांच जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बर्फबारी की संभावना जताई गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से इस संबंध में इन जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ व बागेश्वर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक बर्फबारी हो सकती है। अस्थायी रूप से इन क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग एक-दो दिन के लिए निचले स्थानों पर चले जाएं।

शहर में रविवार को मौसम ने फिर करवट ली। सुबह से घने बादल छाए रहने के बाद दोपहर में बारिश होने लगी। देर शाम बर्फ के फव्वारे भी पड़े। इससे मौसम में ठंड एक बार फिर लौट आई है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान पांच डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ठंड बढ़ने से लोग चौक-चौराहों पर अलाव तापते नजर आए। मौसम में बदलाव से मसूरी सहित आसपास के क्षेत्रों में फिर बर्फबारी की उम्मीद जग गई है।

# सर्राफा: चांदी रु0 16000 तक टूटी, सोना रु0 3400 सस्ता

मुंबई | एजेंसी



सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोने 3400 रुपये तक सस्ता हो गया। वहीं चांदी में 16,000 रुपये तक की गिरावट देखने को मिली। कीमतों में अस्थिरता का दौर जारी है।

एमसीक्स पर सोने का भाव 3,415 रुपये गिरकर 1,38,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 2.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी 15,939 रुपये सस्ती होकर 2.49 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसमें छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार की शुरुआती ट्रेडिंग में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4% तक फिसला, जबकि चांदी में भी इसी के आसपास गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, 12 प्रतिशत तक टूटने के बाद चांदी 80 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर टिक गई। इससे पहले सत्र में चांदी ने अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट दर्ज की थी, जो बीते 10 वर्षों की सबसे तेज गिरावट मानी जा रही है। बीते एक साल में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं, जिसने अनुभवी निवेशकों को भी चौंका दिया था। जनवरी में यह तेजी और तेज हो गई थी, जब वैश्विक तनाव, कमजोर होती मुद्राएं और

**बाजार**

- चांदी के भाव भी प्रमुख शहरों में ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी का रुख किया।

हालिया गिरावट की बड़ी वजह शुक्रवार को सामने आई वह खबर मानी जा रही है, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फेड चेयर के तौर पर केविन वॉर्श को नामित करने की योजना बना रहे हैं। इस खबर के बाद डॉलर मजबूत हुआ और उन ट्रेडर्स की धारणा कमजोर पड़ी, जो नरम डॉलर की उम्मीद लगाए बैठे थे।

# केंद्रीय बजट: भाजपाईयों ने टीवी स्क्रीन पर सुना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट को नैनीताल के राज्य अतिथि गृह में जनप्रतिनिधियों व भाजपाईयों तथा अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से टीवी स्क्रीन पर सुना गया।

यह कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संखया में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा व्यापारी प्रतिनिधियों एवं प्रतिष्ठित नागरिकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के दिशा निर्देश पर तथा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे आयोजन को विशेष महत्त्व प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शाँति मेहरा व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या की उपस्थिति भी रही। इसके साथ ही संयोजक मोहित लाल



साह तथा सह.संयोजक भूपेंद्र बिष्ट ,प्रभारी प्रकाश आर्य, संजय वर्मा, भारत सिंह मेहरा व महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय बजट को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा बजट में देश के विकास, गरीब,कल्याण, किसान, महिला, युवा एवं बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने बजट को विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम बताते हुए इसकी सराहना की।

## आउटबाउंड टूरिज्म पर टीसीएस को घटाकर 2 प्रतिशत करना राहत भरा कदम:रुचिर साह



नैनीताल के युवा होटल व्यवसाई रूचिर साह ने आउटबाउंड टूरिज्म पर टीसीएस को घटाकर 2 प्रतिशत करने को राहत भरा कदम बताया, लेकिन घरेलू और विदेशी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीति न होने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बजट से उममीदें तो थीं लेकिन पहाड़ी पर्यटन राज्यों के लिए यह बजट अभी अधूरा सा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2019 के बाद विदेशी पर्यटकों के आने की संखया में कमी आई है, सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए था लेकिन इस बजट में कोई ठोस रणनीति नजर नहीं आई।

## केंद्रीय बजट विकासोन्मुख:पुनीत टंडन



नैनीताल । श्री मां नयना देवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने बजट को विकासोन्मुख बताया और कहा कि हॉस्पिटैलिटी, मेडिकल सेकटर और महिलाओं को प्रोत्साहन देने के प्रावधान सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के प्रति सरकार ने प्रवाधान बनाए हैं इस बजट में हॉस्पिटलिटी व मेडिकल सुविधाओं पर राहत मिली है। मेडिकल सुविधाएं व महिलाओं को प्रोत्साहन देने में सरकार योगदान कर रही है और लोगों को लाभ मिल रहा है। उत्तराखंड में पर्यटकों के आने के लिए बुनियादी सुविधाएं जैसे वन्देमातरम ट्रेन की माँग कब से कि जा रही है, उन्होंने कहा कि कुछ इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए था जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

## विकसित भारत की दिशा में एक स्पष्ट रोडमैप है केंद्रीय बजट में:डा.मोहित रौतेला



**नैनीताल** । भाजपा युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश संयोजक डा.मोहित रौतेला ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल आय-व्यय का लेखा जोखा नहीं बल्कि विकसित भारत की दिशा में एक स्पष्ट रोडमैप है, इसमें गरीब की सुरक्षा, किसान की समृद्धि तथा युवा के रोजगार, महिला की आत्मनिर्भरता और मध्यम वर्ग की राहत सभी का संतुलित ध्यान रखा गया है। यह बजट अवसर पैदा करता है, बुनियादी ढांचा मजबूत करता है और भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करता है।

# विधायक शिव ने वर्ष 2026- 27 के बजट को बताया सर्वस्पर्शी सर्वसमावेशी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार में देश की महिला वित्त मंत्री ने वर्ष 2026-27 में नौवीं बार देश की संसद मे आम बजट पेश किया। जो सिर्फ एक दस्तावेज नहीं वह विकसित भारत 2047 का सशक्त घोषणा पत्र है। विधायक शिव अरोरा ने पार्टी कार्यालय पर बजट प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम को कार्यकर्ता संग सुना।



विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा मे यह बजट निर्णायक साबित होगा। मोदी सरकार का यह बजटसर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और युवा, महिला,किसान, वँचित वर्ग के हितो को ध्यान मे रखते हुआ बनाया गया है।अंतिम पायदान पर बैठे गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़े ने वाला यह बजट है। इस बजट मे केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था, शिक्षा,स्वास्थ, रोजगार को केंद्र मे रखकर बजट पेश किया गया। उन्होंने कहा कि इस बजट में राजकोषीय घटना कम करने के लिये महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। साथ ही नये इनकम टैक्स अधिनियम को लागू किया है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। टैक्स के क्षेत्र में काफी सुधार जनता को देखने को मिलेगे और देश के नागरिकों को इसका सीधा लाभ होगा। विधायक ने कहा देश मे 7 नये हाईस्पीट रेल कोरिडोर बनाने, बायोफार्मा के लिये 10000 करोड़ का प्रावधान, कैंसर शुगर जैसी सात अन्य गंभीर बीमारियों के दवाई को सस्ता करना आम जनता को काफी राहत देने वाला होगा। देश में 20 नये जलमार्ग बनाने की दिशा मे काम होगा जिससे देश मे जलमार्ग से व्यापार बढ़ने की संभावना बड़ेगी और नये रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पर्यटन के क्षेत्र मे अपार संभावना है इसको देखते हुऐ 10000 गाइडो को प्रशिक्षण देने का प्रावधान रखा गया है। इस दौरान मेयर विकास शर्मा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी , स्वाति शर्मा, रोशन अरोरा, प्रमोद मित्तल, धीरेन्द्र मिश्रा, प्रीति धीर, राजेश बजाज, बिट्टू चौहान, रचित सिंह, विजय तोमर, जीतेन्द्र संधू, सर्वेश मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## अर्थशास्त्री डॉ. हरीश चन्द्र जोशी ने केंद्रीय बजट को बताया विकासउन्मुख



**नैनीताल**। अर्थशास्त्री डा.हरीश चंद्र जोशी ने केंद्रीय बजट -2026 को विकासउन्मुख बजट करार दिया है। उनका मानना है कि बजट में सरकार ने लघु मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया है जिससे मध्यम वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा गांव घरों में जो छोटे-छोटे लघु और कुटीर उद्योग हैं उनको बल मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा जिससे ग्रामीण अंचल से पलायन कम होगा और स्वरोजगार की ओर आम जनमानस बढ़ेगा,कहा कि लखपति दीदी योजना और सिमाट योजना के माध्यम से और हर जिले में छात्राओं के लिए छात्रावास की बात कह कर इस बजट ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई उममीद जगाई है। उत्तराखंड के लिए पर्यटन और मेडिकल पर्यटन की बात कहकर उत्तराखंड पर्यटन को मजबूत करने की बात कही है। पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी का विशेष प्रावधान देकर कहीं ना कहीं देश के विकास को पंख लगाने की बात इस बजट में कही गई है शिक्षा नवाचार, कौशल विकास कार्यक्रम पर बजट में विशेष बल दिया गया है जिससे उत्तराखंड के साथ.साथ संपूर्ण देश को लाभ मिलेगा।

## बजट पूरी तरह निराशाजनक: विधायक सुमित हृदयेश



**हल्द्वानी**। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि बजट कैसा है, इसका सबसे बड़ा मानक सेंसेक्स और निफ्टी जैसी मार्केट्स होती हैं। आज स्टॉक मार्केट, निफ्टी और सेंसेक्स में आई भारी गिरावट साफ दर्शाती है कि यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है। फ्यूचर ट्रेडिंग पर टैक्स लगाना सरकार की गंभीर भूल है। इसके ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में गिरावट, सोना-चांदी के भावों में अचानक कमी—ये सभी संकेत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपये की वैल्यू पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले हैं। उत्तराखंड जैसे आपदा-प्रभावित पहाड़ी राज्य के लिए किसी भी प्रकार का विशेष पैकेज न दिया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और किसानों को इस बजट से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। कुल मिलाकर यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं के बिल्कुल विपरीत है और देश की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता पैदा करता है।



*केंद्रीय बजट 2026 में आयकर के टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं किया गया, जिससे आम करदाताओं को तात्कालिक राहत नहीं मिली। इसके बावजूद, 1 अप्रैल 2026 से नए आयकर कानून के लागू होने की घोषणा कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और करदाता-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में ईमानदार करदाताओं को सुविधा देने, अनावश्यक नोटिस, पेनल्टी और मुकदमों को कम करने पर विशेष ज़ोर दिया गया है। छोटे और तकनीकी मामलों में कठोर कार्रवाई से बचने की नीति करदाता विश्वास को मज़बूत करेगी। कुल मिलाकर, आयकर के क्षेत्र में यह बजट अल्पकालिक राहत की अपेक्षा दीर्घकालिक और संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित है।*

***- मजहर अली अधिवक्ता ( कर सलाहकार ), हल्द्वानी***

## केंद्रीय बजट पर सामने आई मिली जुली प्रतिक्रिया

### निराशाजनक बजट की हैट्रिक लगाने वाली पहली वित्त मंत्री बनी सीतारमण: खष्टी बिष्ट



**नैनीताल** । जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट ने आम बजट 2026 को बेहद निराशाजनक बताते हुए महज एक काल्पनिक सोच बताया। कहा कि पिछले बजट के हवाई किले और असफ लता से भी सीख न लेते हुए वित्त मंत्री ने नया कुछ नहीं जोड़ा है बल्कि फि र से जनता को भ्रमित करके छला है। युवाओं तथा महिलाओं और किसानों के लिए सिर्फ स्कीमें ही नजर आती हैं जो धरातल से कोसों दूर हैं, अस्पतालों और इलाज में छूट देने की बात कही गई थी, इसी प्रकार इस बार कुछ दवाइयों में छूट देकर इतिश्री की है। देश में तीन नए एमस की तर्ज पर आयुर्वेद जैसे हॉस्पिटल विकसित करने की बात से साफ झलकता है कि यह योजना भी निजी हाथों में दी जाएगी।कहा कि वित्त मंत्री ने आमजन को तीसरी बार छल कर निराशाजनक बजट की हैट्रिक लगायी है।

### उत्तराखंड में टूरिज्म एवं मेडिकल टूरिज्म को बजट से फायदा मिलेगा:प्रो.ललित तिवारी



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में टूरिज्म एवं मेडिकल टूरिज्म को बजट से फ ायदा मिलेगा । शिक्षा में 9 प्रतिशत की वृद्धि ,आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस का बेहतर उपयोग तथा स्किल विश्वविद्यालय तथा बजट में तीन नए एमस बनाने का निर्णय स्वागत योग्य है । आत्मनिर्भर भारत को 2000 करोड़ तथा नवाचार को बढ़ावा दिया गया है । इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सकारात्मक कदम दिखाता है जो आर्थिक विकास एवं परियोजनाओं के क्रियान्वयन को दिखाता है। दस हजार करोड़ रुपया ग्रोथ फंड से भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ेगा तथा विदेश में शिक्षा तथा घूमना सस्ता होना बेहतर कदम है । बजट संतुलित तथा विकासोन्मुखी है।

### उत्तराखंड राज्य के परिप्रेक्ष्य में कई मामलों में निराशाजनक रहा बजट:त्रिभुवन फर्त्याल



**नैनीताल**। युवा कांग्रेसी नेता व मल्लीताल व्यापार मंडल के महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में प्रथम बार दिन रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा 9वीं बार पेश केंद्रिय बजट उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के परिप्रेक्ष्य में कई मामलों में निराशाजनक रहा।आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तराखंड राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आम जनमानस ने बहुत अधिक उममीद लगा रखी थी किंतु निराशा हाथ लगी। उत्तराखंड राज्य जोकि लगभग 70 फीसदी वनाच्छादित होने के चलते पूरे उत्तर भारत का आकसीजन सिलेंडर के साथ ही साथ वर्षभर लगभग 940000 करोड़ के मूल्य की वन आधारित सेवा राष्ट्र को प्रदत्त करता है लेकिन बहुप्रतिक्षित मांग ग्रीन बोनस जोकि प्रदेश वासियों का अधिकार हैएके नाम पर निराशा हाथ लगी।

### उत्तराखंड में पर्यटन के बढ़ावे को अपेक्षित वित्तीय समर्थ न नहीं मिला:दिग्विजय बिष्ट



**नैनीताल** । नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बजट में उत्तराखंड, हिमाचल और जममू कश्मीर के लिए ट्रैकिंग व हाइकिंग ट्रेल्स की घोषणा को सकारात्मक कदम बताया लेकिन साथ ही कहा कि इन ट्रेल्स का वास्तविक स्वरूप और क्रियान्वयन आने वाला समय ही बताएगा, उन्होंने बताया कि बजट का कुल आकार 12.2 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो पिछले वर्ष से अधिक है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उत्तराखंड को इसमें कितना हिस्सा मिलेगा। बिष्ट ने कहा कि 2027 में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और पर्यटन ही यहां रोजगार का मुखय साधन है बावजूद इसके इस सेकटर को अपेक्षित वित्तीय समर्थन नहीं मिला।

### मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत न मिलने पर निराशा:संजय नागपाल



**नैनीताल**। नैनीताल के वरिष्ठ कारोबारी संजय नागपाल ने एमएसएमई सेकटर पर सरकार के फोकस को रोजगार सृजन के लिहाज से सकारात्मक बतायाए लेकिन मध्यम वर्ग को टैकस में राहत न मिलने पर निराशा जताई। कहा कि सरकार का ध्यान सिर्फ चार धाम तक सीमित है जबकि नैनीताल और मसूरी जैसे ब्रिटिशकालीन पर्यटन स्थलों की अनदेखी हो रही है, पर्यटकों को नैनीताल पैक है कहकर वापस भेजना पर्यटन के लिए नुकसानदेह है, साथ ही कोई ठोस बजट पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए सुविधा होनी चाहिए ताकि वह बार बार उत्तराखंड घूमने आएं और यहां की अर्थव्यवस्था को बल मिले।

### ट्रांसपोर्ट को अच्छा बजट दिया:अमनदीप सिंह



**नैनीताल** । तल्लीताल व्यापार मंडल के महासचिव अमनदीप सिंह आनंद ने बजट को संतोषजनक बताते हुए इनकम टैकस में छूट, कृषि क्षेत्र और परिवहन के लिए प्रावधानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट को अच्छा बजट दिया गया है। उत्तराखंड में अन्य राज्यों के साथ कनेटिविटी को मजबूत करना बहुत जरूरी है जिसमें कुमाऊ में रोड, रेल व एयर ट्रैवल को सुगम बनाना बेहद जरूरी है ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

### बजट खास तौर पर युवाओं के लिए बनाया गया है:आदित्य बोहरा



**नैनीताल** । भाजपा युवा मोर्चा भवाली मंडल अध्यक्ष आदित्य बोहरा ने केंद्र सरकार के केंद्रीय बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट खास तौर पर युवाओं के लिए बनाया गया है। इसमें आर्थिक विकास, कौशल बढ़ाने और सबका साथ सबका विकास पर जोर दिया।

# अभिमत

## हरियाली बचाओ

*अब सवाल यह उठता है कि इसी तरह हरे-भरे पेड़ काटे जाते रहे तो पर्यावरण संरक्षण में देवभूमि उत्तराखंड का योगदान कब तक रह पायेगा? जंगल खत्म हो जाने पर राजधानी क्षेत्र जैसा प्रदूषण होने का खतरा उत्तराखंड में भी उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में ग्रीन बोनस और ग्रीन सेस की मांग बेमानी हो जायेगी। राज्य सरकार और स्थानीय लोगों को हरियाली बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। देवभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य को अक्षुण्ण रखने पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन से लोगों को रोजगार के साथ ही राज्य सरकार को ग्रीन सेस से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होगा।*

उत्तर प्रदेश से अलग उत्तराखंड राज्य बनाने का मुख्य कारण पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र का विकास करना था। पृथक राज्य गठन के समय तर्क दिया गया कि उत्तराखंड का 65 प्रतिशत भूभाग पर्वतीय तथा वन क्षेत्र है। आर्थिक आय के साधनों का अभाव है, इसलिए नये राज्य को विशेष दर्जा देकर केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता दी जाये। प्रकृति ने उत्तराखंड को मुक्तहस्त से सौंदर्य प्रदान किया है। हिमाच्छादित पर्वत चोटियां, कलकल बहती सदानीरा नदियां, झरने, जड़ी-बूटियों के साथ विशाल वृक्षों से हरे-भरे जंगल पहाड़ से लेकर तराई तक हैं। पर्यावरण संरक्षण में जंगल का महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड सरकार कई बार केन्द्र से ग्रीन बोनस की मांग कर चुकी है। राज्य सरकार की दलील है कि जंगल में वृक्ष काटने की पर्यावरण मंत्रालय और ग्रीन ट्रिब्यूनल अनुमति नहीं देता, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं, इसकी भरपाई के लिए ग्रीन बोनस दिया जाना चाहिए। ग्रीन बोनस नहीं मिला। अब राज्य सरकार ने उत्तराखंड में आने वाले बाहरी वाहनों से सेस (उपकर) वसूल करने की योजना बनाई है। हिमाचल प्रदेश पहले से ही एंट्री टैक्स वसूल रहा है। राज्य में कामर्शियल वाहनों से टैक्स पहले से ही वसूला जा रहा है। यह बात सही है कि डीजल व पेट्रोल के वाहनों से प्रदूषण उत्पन्न होता है। राजधानी दिल्ली, एनसीआर तथा अन्य मैदानी महानगरों में प्रदूषण से जीवन दूभर हो गया है। प्राकृतिक सौंदर्य के साथ स्वच्छ वातावरण की प्राण वायु में सांस लेने के लिए सैलानी उत्तराखंड में आते हैं। इसलिए उत्तराखंड में हरियाली को बचाने के लिए प्राथमिकता देनी होगी। पिछले कुछ वर्षों में वन माफिया ने जंगल से पेड़ों का अंधाधुंध कटान किया है। संबंधित विभाग पेड़ों के अवैध कटान को रोकने में विफल रहा है। उधर सड़क बनाने के लिए पेड़ों का कटान किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क के क्षेत्र में हजारों पेड़ों को काटकर रिजार्ट्स तथा आवासीय कालोनियों का निर्माण किया गया है। जंगल का क्षेत्र कम होता जा रहा है। इस संबंध में कई मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। अब सवाल यह उठता है कि इसी तरह हरे-भरे पेड़ काटे जाते रहे तो पर्यावरण संरक्षण में देवभूमि उत्तराखंड का योगदान कब तक रह पायेगा? जंगल खत्म हो जाने पर राजधानी क्षेत्र जैसा प्रदूषण होने का खतरा उत्तराखंड में भी उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में ग्रीन बोनस और ग्रीन सेस बेमानी हो जायेगा। राज्य सरकार और स्थानीय लोगों को हरियाली बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। देवभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य को अक्षुण्ण रखने पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन से लोगों को रोजगार के साथ ही राज्य सरकार को ग्रीन सेस से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होगा।

# खेल प्रतियोगिता को लेकर वार्ता

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

डीएसए मैदान में खेल प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को खेल विभाग ने प्रेस वार्ता की। खेल विभाग की उपनिदेशक राशिका सिद्दीकी क्रिकेट प्रतियोगिता करने को लेकर पिच निर्माण किया गया था और 32 टीमों ने इसमें प्रतिभाग करना था। जिस दिन टूर्नामेंट शुरू होना था तो कुछ व्यवधान के चलते शुरू नहीं हो सका। पालिकाध्यक्ष की ओर से कहा गया कि पहले पृथ्वीराज प्रतियोगिता होगी। लेकिन इस पर भी एसडीएम, विधायक और पालिका अध्यक्ष की ओर से मध्यस्थता के जरिए यह हल निकाला गया कि यह प्रतियोगिता खेल विभाग, डीएसए और नगरपालिका तीनों संस्थाएं मिलकर यह प्रतियोगिता कराएंगी। इस पर भी खेल विभाग राजी था। और खेल विभाग द्वारा यह भी कहा गया था कि प्रतियोगिता निःशुल्क होगी खिलाड़ियों को नियमानुसार रिफ्रेशमेंट, पुरस्कार, उपकरण और सर्टिफिकेट सभी खेल विभाग को ओर से दिए जाएंगे। यह सभी एक वार्ता के माध्यम से तय हो गया था



लेकिन पालिका और डीएसए की ओर से बाद में इसके लिए मना कर दिया गया को खेल विभाग की साथ मिलकर इसे नहीं कराया जा सकता। खेल विभाग अभी भी साथ मिलकर प्रतियोगिता करने के लिए तैयार है और विभाग की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। विभाग किसी भी ग्रह का विवाद नहीं चाहता है। हम यही चाहते हैं कि यह टूर्नामेंट एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आए और सभी मिलकर खिलाड़ियों के हित में प्रतियोगिता कराएं। आगे भी आठ मिलकर प्रतियोगिताएं कराई जाए यही हमारा उद्देश्य है। डीएसए पूर्व से 4 प्रतियोगिताएं कराता आ रहा है जिसमें ट्रेड्स कप, लैंडोलीग, रामपुर कप और पृथ्वीराज कप टूर्नामेंट शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के लिए शासन से खेल विभाग को आदेश हैं कि जब भी ये प्रतियोगिता कराई जाएंगी तो विभाग की ओर से इसमें पूरा सहयोग कराया जाए और हम इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध भी हैं। हम यह चाहते हैं कि जो भी योजनाएं खिलाड़ियों के लिए चलाई जाती है इसका लाभ नैनीताल के खिलाड़ियों को भी मिल सके। प्रतियोगिता को लेकर कहा कि आगे शासन से हमें जो भी निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार जल्द से जल्द प्रतियोगिता कराई जाएगी।

## बदला मौसम का मिजाज, रिमझिम बारिश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को रिमझिम बारिश हुई । मौसम बदलने के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी हो गई हैं। रविवार से मौसम बदलने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया था। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और हल्की से मध्यम वर्षा के साथ ऊंची चोटियों में हिमपात की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। नगर में बीती रात हल्की बारिश हुई जबकि प्रातः आठ बजे से पुनः हल्की बारिश शुरू हो गई जो रुक रुक कर होते रही। इसके बाद दस बजे से 11 बजे तक रिमझिम बारिश जारी रही। इसके बाद वर्षा तो नहीं होए लेकिन बादल पूरे दिन असमान में डेरा डाले रहे। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। जिसका क सर्वाधिक असर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में रहाए जबकि इसके बाद आ रहे दूसरे पश्चिमी का असर मंगलवार को नैनीताल, देहरादून और चंपावत में अधिक प्रभावी रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। राज्य मौसम विभाग के निदेशक डा सीएस तोमर ने बताया कि यह कमजोर पश्चिमी विक्षोभ है।

## रुद्रपुर कोतवाली पुलिस का जन-जागरूकता अभियान

रुद्रपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने जारी निर्देश पर कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर बगवाड़ा समेत चंदौला नर्सिंग कॉलेज बगवाड़ा में जन–जागरूकता अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान पुलिस टीम शामिल पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों,महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा,साईबर अपराध,नशा मुक्ति,घरेलू हिंसा, महिला एवं बालिका संबंधित अपराधों के मामले में जागरूक किया। इसके साथ ही पुलिस ने गौरा शक्ति एप,यातायात सुरक्षा की भी विस्तृत जानकारी दी।

पुलिस टीम ने लोगों को आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090/112 तथा पुलिस आपके द्वार अभियान की भी जानकारी दी। इसके साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना संबंधित पुलिस को दें। यहां पर चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेन्द्र रिंगवाल, महिला हेड कांस्टेबल पायल समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पीपीजे सरस्वती विहार में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में रविवार को सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का सफ ल आयोजन किया गया। लगातार हो रही भीषण वर्षा के बावजूद सैकड़ों की संखया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में सहभागिता की।

इस दौरान जहाँ एक ओर विद्यार्थी परीक्षा कक्षों में पूर्ण एकाग्रता के साथ प्रवेश परीक्षा दे रहे थे वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिसर के सभागार में विद्यालय एक परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मकसद अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक शिक्षा प्रणाली से अवगत कराना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि यह संस्कार, अनुशासन और सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है। उन्होंने गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक एवं नैतिक विकास एक साथ किया जाता था। कहा




कि पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार उसी गुरुकुलीय भावना को आधुनिक शिक्षा के साथ समन्वित कर आगे बढ़ा रहा है जहाँ शिक्षा के साथ.साथ संस्कारों को विशेष महत्व दिया जाता है। विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी उमेश शर्मा ने विद्यालय की एकेडमिक प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहाँ शिक्षण कार्य पूरी तरह योजनाबद्ध ढंग से संचालित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, अभयास, संवेदनशीलता और अध्ययन का संतुलन स्थापित किया जाता है। उन्होंने पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली, सह.शैक्षिक गतिविधियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं माध्यमिक वर्ग के समन्वयक एवं वरिष्ठ आचार्यए हिंदी प्रवक्ता डॉ. माधव प्रसाद त्रिपाठी ने बोर्डिंग स्कूल से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे वहीं दूसरी ओर विद्यालय के अभिभावक श्रीमती जागृति व श्री चंदोला तथा पूर्व छात्र सोहम केतकर ने भी विचार व्यक्त किये। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन, रेलवे प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद नैनीताल का धन्यवाद व्यक्त किया साथ ही जानकारी दी की परीक्षाफल 4 मार्च 2026 (बुधवार) को वेबसाइट पर घोषित किया जायेगा ।संचालन अतुल पाठक ने किया एवं इस परीक्षा के कुशल संचालन एवं व्यवस्था में तौनस, प्रियांशु जोशी, श्री विष्णु व रजत का सहयोग रहा ।

# फिल्मी दुनिया

## आदित्य धर ने धुरंधर में रणवीर सिंह के एक सीन को लेकर किया पोस्ट





*आदित्य धर द्वारा निर्देशित और रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने के बाद अब नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। यहां यह काफी लोकप्रिय हो रही है और लोगों की तारीफें मिल रही हैं। धुरंधर को लेकर आदित्य धर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है।*

*धुरंधर का क्रेज नेटफ्लिक्स पर इसकी ओटीटी रिलीज के चलते अभी भी चरम पर है। इस चर्चा के बीच, एक यूजर ने रणवीर सिंह और रहमान डकैत के गिरोह के बाकी सदस्यों के बंदूक पकड़ने के तरीके में अंतर की ओर ध्यान दिलाया। निर्देशक आदित्य धर का इस अंतर के पीछे का स्पष्टीकरण आपको चौंका देगा। निर्देशक आदित्य धर ने फिल्म धुरंधर के एक खास डिटेल पर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह का किरदार हमजा अली मजहरी बंदूक को सही और सुरक्षित तरीके से पकड़ता है, यानी ट्रिगर से उंगली दूर रखता है। वहीं दानिश पांडोर का किरदार उजैर बलोच (रहमान डकैत का भाई) बंदूक को अलग और गलत तरीके से पकड़ता है, जहां उंगली ट्रिगर पर रहती है। आदित्य धर ने इस पोस्ट के साथ लिखा, हमजा जरूरत पड़ने तक ट्रिगर से उंगली दूर रखता है और सोच-समझकर गोली चलाता है। लेकिन उजैर की उंगली ट्रिगर पर रहती है, जिससे गुस्से या गलती से गोली चल सकती है और निर्दोष लोग घायल हो सकते हैं। उन्होंने हमजा और उजैर की तस्वीर भी शेयर की ताकि अंतर समझ सकें।*

### फिल्म धुरंधर की कहानी

*फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और सारा अर्जुन जैसे कलाकार हैं। यह 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी एक भारतीय गुप्तचर एजेंट के इर्द-गिर्द है, जो पाकिस्तान के कराची के अंडरवर्ल्ड में घुसपैठ करता है और एक खतरनाक गिरोह को खत्म करने की कोशिश करता है। यह असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित है।*

# हल्द्वानी में मोबाइल चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

पुलिस ने दोनों मोबाइल चोरों को पड़कर न्यायालय में पेश किया है गौर तलब है कि 2 दिन पूर्व सदर बाजार व मंगल पड़ाव मैं दो महिलाएं खरीदारी करने आई थी तो चोरों ने उनका मोबाइल चुरा लिया था पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलपड़ाव एवं सदर बाजार मंगलपड़ाव क्षेत्र से दो मोबाइल फोन चोरी होने के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टी.सी. द्वारा तत्काल घटना का खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कत्याल के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी विजय मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 31 जनवरी को घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर अभियुक्तों की पहचान की गई। इसके पश्चात मंडी बाईपास क्षेत्र से दोनों अभियुक्तों को चोरी किए गए मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में उप निरीक्षक रविन्द्र राणा, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, कांस्टेबल भूपाल मेहरा रहे। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**- सुजन मुखर्जी निवासी छोटा तितुलिया हाथीघर, थाना तीन पहाड़, जिला साहिबगंज (झारखण्ड), मत्री नोनिया निवासी ग्राम बाओपुर, थाना तीन पहाड़, जिला साहिबगंज (झारखण्ड) हैं।

## News कॉर्नर

### राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति परीक्षा हेतु सुमित व अभिषेक चयनित



नैनीताल । राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति परीक्षा 2025-26 हेतु नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली के दो छात्रों सुमित मेहरा और अभिषेक गोस्वामी का चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि इन छात्रों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक प्रति माह 1 हजार रुपएं0 की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी इस अवसर पर समस्त कालेज के सभी गुरुजनों व कर्मियों व छात्रों ने दोनों मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हिमानी आर्य विद्यालयी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु चयनित



नैनीताल । नगर के मोहन लाल साह बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा हिमानी आर्य का चयन 69 वीं विद्यालयी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता अंडर 19 में हुआ है, जिसका आयोजन बंगलुरु (कर्नाटक) में 5 से 9 फरवरी 2026 तक होना है। बता दें हिमानी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हो गयी है। मेधावी छात्रा हिमानी की इस बेहतरीन कामयाबी पर विद्यालय के मैनेजर विनय साह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत रश्मि पुरोहित, पूनम दुहन,कालेज की क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दरमवाल समेत स्मस्त स्टाफ एवं कोच मनोज कुमार, भगवत मेर,सुनील कुमार और कमल बिष्ट ने बधाई दी है।

# अपने पैरों में खड़ा हो पाएगा जन्मजात बीमारी से पीड़ित 10 वर्ष का बालक

नैनीताल/दिल्ली

हमारे संवाददाता

आर्थ्रोग्रिपोसिस मल्टीप्लेक्स कंजनाइटल नाम की बीमारी से पीड़ित अफ्रीका से आए बीमार बालक का उपचार घुटने की विकृति से पीड़ित 10 वर्षीय अब अपने पैरों में खड़ा हो सकेगा। चिकित्सकों का दावा है कि एडवांस्ड कंप्यूटर गाइडेड टेक्नोलॉजी के कारण इस लाइलाज बीमारी से बच्चे को चलनेयोग्य बना दिया जाएगा। यह बालक इलाज के लिए अफ्रीका की घाना से आया हुआ है। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ बी.एस. मूर्ति ने बताया कि यह बच्चा आर्थ्रोग्रिपोसिस मल्टीप्लेक्स कंजनाइटल नाम की एक दुर्लभ





जन्मजात बीमारी से पीड़ित है। इस बीमारी से बच्चा जोड़ों की विकृति और सिकुड़न के साथ पैदा होता है और दुर्भाग्य से बच्चा बिस्तर पर पड़ा रहता है या उसके चारों अंगों की गतिशीलता बहुत सीमित होती है। हमारी ऑर्थोपेडिक टीम में उनके साथ डॉ. वी.ए. सेंथिल कुमार, डॉ. तुषार, डॉ. नमन, डॉ. सौरभ यादव और डॉ. राहुल चौधरी शामिल हैं। उपचार के पहले चरण में बाएं घुटने की 100 डिग्री की फिक्स्ड फ्लेक्शन डिफॉर्मिटी और क्लब फुट को ठीक करने का चुनौतीपूर्ण उपचार को सफलता के साथ अंजाम दिया गया। दिल्ली एनसीआर में पहली बार इस तरह की बीमारी का उपचार किया जा रहा है। डेफ्ट फिक्स हैक्सापॉड सिस्टम नामक लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग करके ठीक किया जा रहा है, जो एडवांस्ड कंप्यूटर गाइडेड टेक्नोलॉजी द्वारा जटिल प्रक्रियाओं की अनुमति देता है। यह उपचार दुनिया भर में उपलब्ध 2 सिस्टम में से एक है। अभी तक किए उपचार से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। घुटने की विकृति को 100 डिग्री से 5 डिग्री तक पूरी तरह से ठीक करने की योजना चिकित्सकों ने बनाई है। इस लाइलाज बीमारी में डॉ. गगन कपूर, डॉ. शालिनी व डॉ. पूजा के अलावा एनेस्थीसिया टीम, ओटी टेक्नीशियन, नर्स, नर्सिंग स्टाफ और मैक्स एसएच , नोएडा के सपोर्ट स्टाफ शामिल रहे। डा को पूरा यकीन है कि जल्द ही यह बालक अपनी जिंदगी में पहली बार खड़ा हो पाएगा और सामान्य बच्चों की तरह चलने लगेगा।

# हिंदू सम्मेलनः संस्कृति से जुड़े विविध विषयों पर परिपूर्ण उद्बोधन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विराट हिंदू सम्मेलन में देश, समाज और संस्कृति से जुड़े विविध विषयों पर वक्ताओं ने प्रेरक, ओजस्वी एवं राष्ट्रभाव से परिपूर्ण उद्बोधन दिए। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना रहा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए नमन कृष्ण महाराज ने हिंदू इतिहास की गौरवशाली परंपरा तथा हिंदुत्व की सनातन अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि हिंदुत्व कोई संकीर्ण विचारधारा नहीं, बल्कि समरसता, सहअस्तित्व और मानव कल्याण का जीवन दर्शन है। उन्होंने हिंदुत्व के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुनियोजित रूप से हिंदू समाज को जातियों में बाँटकर आपसी वैमनस्य फैलाने के प्रयास किए गए। महाराज जी ने स्पष्ट किया कि हमारे धर्मग्रंथों में दलित जैसे किसी भेदकारी शब्द का उल्लेख नहीं है—हिंदू समाज में सभी वर्ण समान हैं और समरसता ही हमारी



मूल आत्मा है। उनके उद्बोधन ने श्रोताओं में आत्मगौरव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भाव जागृत किया। डॉ0 चंद्रा जोशी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में पंच परिवर्तन को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए महिलाओं की भूमिका को केंद्रीय बतायाउन्होंने कहा कि महिला शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने की क्षमता रखती है। डॉ0 शिवेंद्र कश्यप* ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की तपस्वी, त्यागमयी और राष्ट्रनिष्ठ यात्रा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने संघ की स्थापना के ऐतिहासिक कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ का उद्देश्य प्रारंभ से ही राष्ट्र को संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना रहा है। संघ की शाखा को उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला बताते हुए कहा कि शाखा अनुशासन, सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का जीवंत विद्यालय है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नागरिकों, मातृशक्ति और युवाओं की सहभागिता रही। वक्तव्यों ने उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक दायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# 463 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी सीज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार दो अभियुक्तों को 463 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी सीज कर लिया गया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के निर्देश पर बीते दिवस को उप निरीक्षक जगवीर सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था व चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान आवंला चौकी रोड के पास यात्रियों के शेड के निकट एक स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए और रास्ता बदलने लगे। उनके संदिग्ध व्यवहार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान स्कूटी पर रखी गई पीली प्लास्टिक पन्नी से काले-भूरे रंग की बत्तीदार चरस बरामद हुई। तौल करने पर कुल वजन 463 ग्राम पाया



गया, जिसमें शुद्ध चरस 435 ग्राम निकली। गिरफ्तार अभियुक्तों में भूपेश चंद्र निवासी ग्राम लाथी, थाना कपकोट, जिला बागेश्वर तथा दिनेश चंद्र निवासी ग्राम लाथी, थाना कपकोट, जिला बागेश्वर (वर्तमान पता हल्द्वानी) बताए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने गांव में उगे चरस के पौधों से चरस तैयार की थी और हल्द्वानी में बेचने के इरादे से ला रहे थे। चरस के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने चरस को सील कर कब्जे में ले लिया है तथा तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को धारा 60 एनडीपीएस एक्ट के तहत सीज किया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# भोजन माताओं का लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन व स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रगतिशील भोजनमाता संगठन उत्तराखण्ड नैनीताल इकाई ने सोमवार को तल्लीताल डांठ में जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी देवी ने बताया भोजन माताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही है सरकार हमारी मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। भोजनमाताएं 20 - 21 सालों से सरकारी व अर्धसरकारी विद्यालय में भोजन बनाने का काम कर रही। 100 रूपये प्रतिदिन दिया जाता है और 3 हजार रूपये महीना दिया जाता है। बताया कई भोजनमाताएँ धरने में नहीं उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा धमकाया गया। भोजनमाताओ की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पीएफ ई एसआई पेंशन, आकस्मिक अवकाश, प्रस्तुति अवकाश, भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए, निकली गई भजन माता को पुनः वापस लिया जाए। कहा की यदि माँग पूरी नहीं हुई तो सभी भोजनमाताएं में धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान अनीता देवी, पुष्पा जलाल, सीमा देवी, सुशीला, चंपा देवी, लता, शबीना, संतोष, जानकी देवी, हेमा देवी, भगवती देवी, नंदी बिष्ट, पूजा देवी, दीपा देवी, शकीना, दीपा नेगी, नंदी बिष्ट, सरस्वती देवी, कमला पंत, हेमा डालाकोटी, निरमा देवी आदि मौजूद रहें।



### बिंदुखेड़ा क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला युवक, सनसनी

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र ग्राम बिंदुखेड़ा में एक खेत में पेड़ पर युवक लटका देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मृतक की जेब से आधार कार्ड भी मिला है। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली बिंदुखेड़ा गांव के एक में लगे पेड़ पर एक युवक को लटका होने की सूचना मिली।

# त्यौहार नजदीक और क्षेत्र में फैली गंदगी से लोग परेशान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वार्ड नंबर 26 बनभूलपुरा क्षेत्र में आए दिन इस तरह की गंदगी आम बात हो चुकी है वार्ड के लोग इस गंदगी से परेशान रहते हैं कभी नालियां चौक तो कहीं सड़क पर फैल जा रही है।

कीचड़ सुबह उठते ही लोगों को सबसे पहले इसके दर्शन करने पड़ते हैं दरवाजा खोलते ही लोगों के घरों के आगे इस तरह की गंदगी बार-बार होती है कई घंटे बीच जाने के बाद पार्षद इसकी और ध्यान देते हैं। यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



शाहनवाज मलिक ने आरोप लगाया कि इस क्षेत्र के पार्षद वार्ड की अनदेखी करने का काम कर रहे हैं क्षेत्र में कई जगह इस तरह की समस्या बनी रहती है वजह साफ है समय-समय पर नालियों को साफ नहीं करना। 2 दिन बाद मुसलमानों का त्योहार शबे बरात नजदीक है और क्षेत्र में इस तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिए हम नगर निगम से या आग्रह करते हैं किस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो बिजली पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

# किच्छा विधायक बेहड़ का 69वां जन्म दिन बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ का 69वां जन्मदिवस आवास विकास, रुद्रपुर में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यकर्ताओं ने केक काट कर लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक,व्यापारी एवं विभिन्न वर्गों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने पहुंच विधायक को फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी। उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। जन्मदिवस कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का विधायक तिलकराज बेहड़ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को



मिला और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,मोहन खेड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, वीणा बेहड़, पुनीत छाबड़ा, साक्षी छाबड़ा, पूर्वा बेहड़,अनीषा बेहड़,पुरराज बेहड़, श्रेयशी बेहड़, गॅरंगी बेहड़, सुम्मीतर भूल्लर, मीना शर्मा, नगर अध्यक्षा ममता रानी,अनिल शर्मा, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद इंद्रजीत सिंह, साहब सिंह, अजय गुप्ता,बंटी अरोरा, तेजस अरोरा,दीपक गुगलानी, हरभजन सिंह, गुरचरण सिंह बराड, विक्रमजीत सिंह विक्की, पल्ली गावा,अवतार सिंह तारु,राजेश चावला,अजय नारायण सिंह, राजेश ग्रोवर, मेहुल शर्मा,समेत पार्टी कार्यकर्ता भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### जनता का प्रेम और विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत-बेहड़

किच्छा विधायक बेहड़ ने उनके जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे समर्थक, सामाजिक समेत अन्य संगठनों के लोगों का आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, और वे सदैव क्षेत्र के विकास व जनसेवा के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता का इसी तरह प्रेम बना रहे।